Need to establish Steel manufacturing unit in Samastipur, Bihar-laid

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** मैं समस्तीपुर विधान सभा का प्रतिनिधत्व करती हूँ जो एक पिछड़ा राज्य है और रोज़गार के पर्याप्त अवसर ना होने के कारण यहाँ के लोगो को दूसरे राज्यों में काम करने जाना पड़ता है । मेरे क्षेत्र में विकास परियोजनाओं के लिए पर्याप्त संसाधन है और तत्कालीन इस्पात मंत्री स्वर्गीय श्री रामविलास पासवान जी ने लगभग 20 वर्ष पूर्व इस क्षेत्र के औधोगिक विकास जी रोजगार मुहैया करने के उद्देश्य से एक स्टील प्रसंस्करण इकाई के स्थापना का प्रस्ताव रखा था, जिसके निर्माण हेतु भूमि भी अधिग्रहण हुआ हैं लेकिन आज तक इसके निर्माण की प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो पाई हैं । मेरे क्षेत्र को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए अत्यंत आवश्यक है की स्टील प्रसंस्करण इकाई को शुरू किया जाए क्योंकि वर्तमान में मेरे क्षेत्र में कोई भी बड़ा कारखाना नहीं है और इसलिए इस परियोजना की ज़रूरत है जिससे लोगो को रोज़गार मिले और मेरे क्षेत्र का भी विकास हो । मेरा सरकार से निवेदन है कि इस स्टील इकाई के निर्माण में जो भी बाधाएं आ रही है उसका निवारण किया जाए और एक समय सीमा में इसकी स्थापना की जाए जिससे मेरे क्षेत्र के लोगो को व्यापक अवसर मिले और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा मिले ।